आत्मज्ञान ही ज्ञान है, शेष सभी अज्ञान।
आत्मशान्ति का मूल है, वीतराग-विज्ञान ।।

पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा संचालित एवं श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन नया मन्दिर ट्रस्ट एवं अ.भा. जैन युवा फैडरेशन खनियांधाना (म.प्र.) द्वारा आयोजित

51वाँ वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर

रविवार, दिनांक 21 मई 2017 से बुधवार, दिनांक 7 जून 2017 तक

ज्ञानानन्द महोत्सव-2017

अध्यात्मप्रेमी बन्धुवर,

सादर जयजिनेन्द्र एवं शुद्धात्मसत्कार !

आपको यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता होगी कि आध्यात्मिकसत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के सदुपदेश से संस्थापित पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा संचालित 51वाँ श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर ज्ञानानन्द महोत्सव -2017 इस वर्ष खनियांधाना (म.प्र.) में रविवार, दिनांक 21 मई 2017 से बुधवार, दिनांक 7 जून, 2017 तक अनेकानेक मांगलिक कार्यक्रमों सहित आयोजित होने जा रहा है।

जिनधर्म प्रभावना का यह एक महान लोकोत्तर अनुष्ठान है कि जिसमें कोमलमति बालकों एवं युवाओं को जैनधर्म के मूलभूत सिद्धान्तों का ज्ञान कराया जायेगा एवं प्रशिक्षणार्थियों को सुयोग्य प्रशिक्षकों द्वारा इस तात्त्विक विद्या को जन-जन तक पहुँचाने की कला की प्रयोगात्मक पद्धति और मनोवैज्ञानिक शिक्षण विधियाँ सिखाई जायेंगी एवं इसका प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। शिविर में विद्वानों के प्रवचनों, व्याख्यानमाला एवं प्रौढ कक्षाओं का भी आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर देश-विदेश में ख्यातिप्राप्त तार्किक विद्वान डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल जयपुर, पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल जयपुर, ब्र.यशपालजी जैन जयपुर, ब्र.अभिनन्दनजी शास्त्री खनियांधाना, ब्र. सुमतप्रकाशजी खनियांधाना, पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री देवलाली, पण्डित शैलेषभाई शाह तलोद, डॉ. राकेशजी शास्त्री नागपुर, पण्डित शान्तिकुमारजी पाटील जयपुर, डॉ.संजीवजी गोधा जयपुर, डॉ. मनीषजी शास्त्री मेरठ तथा खनियांधाना के स्थानीय विद्वत्गण इत्यादि अनेक विद्वानों द्वारा प्रवचनों, प्रौढ कक्षाओं, व्याख्यानमाला, तत्त्वचर्चा आदि के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। देश के अन्य अनेक विद्वानों से भी सम्पर्क किया जा रहा है।

शिविर में प्रशिक्षण की अभ्यास कक्षायें पण्डित कमलचंदजी पिड़ावा एवं पण्डित अध्यात्मप्रकाशजी भारिल्ल के निर्देशन में प्रशिक्षित स्नातक विद्वान लेंगे। समस्त बालकक्षाओं का संचालन डॉ. शुद्धात्मप्रभा टडैया, मुम्बई के निर्देशन में होगा।

सम्पूर्ण शिविर श्री परमात्मप्रकाशजी भारिल्ल, श्री शुद्धात्मप्रकाशजी भारिल्ल एवं ब्र. अमितभैया विदिशा के कुशल निर्देशन में सम्पन्न होगा।

विशेष मांगलिक कार्यक्रम

रविवार, 21 मई 2017 प्रातः
ध्वजारोहण एवं शिविर उद्घाटन समारोह

रविवार, 28 मई 2017
श्री नन्दीश्वर विद्यालय का विशेष कार्यक्रम

शुक्रवार, 26 मई 2017
पण्डित टोडरमल स्नातक परिषद् का सम्मेलन

मंगलवार, 6 जून 2017
प्रशिक्षणार्थी सम्मेलन

शनिवार, 27 मई 2017
अ.भा.जैन युवा फैडरेशन का प्रांतीय अधिवेशन

बुधवार, 7 जून 2017
दीक्षान्त एवं समापन समारोह

विशेष ध्यातव्य

श्री कुन्दकुन्द स्वाध्याय मन्दिर ट्रस्ट एवं अ.भा. जैन युवा फैडरेशन देवनगर भिण्ड द्वारा दिनांक 7 से 16 जून 2017 तक आयोजित 13वें ग्रीष्मकालीन सामूहिक जैन बाल संस्कार शिविर का उद्घाटन भी बुधवार, दिनांक 7 जून 2017 को यहीं सम्पन्न होगा।

शास्त्री महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया इसी शिविर में पूर्ण की जाती है, अत: प्रवेश इच्छुक छात्र खनियांधाना अवश्य पहुँचें।

कार्यक्रम स्थल एवं संपर्क सूत्र

श्री नंदीश्वर दिगम्बर जैन मन्दिर, चेतनबाग, खनियांधाना, जिला-शिवपुरी 473990 (म.प्र.) मोबाइल - 09575305898 (सोमिल शास्त्री), 09644122108 (आकाश शास्त्री)

मार्ग निर्देश - सड़क मार्ग : झांसी से 85 कि.मी. (वाया दिनारा) ललितपुर से 75 कि.मी. (वाया चन्देरी), गुना से 125 कि.मी., शिवपुरी से 100 कि.मी., अशोकनगर से 85 कि.मी. एवं चन्देरी से 40 कि.मी. दूर है। रेलवे मार्ग : झांसी, ललितपुर, गुना, अशोकनगर, मुंगावली स्टेशन पर उतरें। इसके अतिरिक्त झांसी ललितपुर के मध्य बसई स्टेशन पर दादर अमृतसर, छत्तीसगढ एक्सप्रेस, झांसी बीना पेसेन्जर, झांसी इटारसी पेसेन्जर, झांसी छतरपुर पेसेन्जर रुकती है। यहाँ से खनियांधाना 40 कि.मी. की दूरी पर है।

नोट : (1) बालबोध प्रशिक्षण में प्रवेश पाने के लिए बालबोध पाठमाला भाग-1,2,3 की तथा प्रवेशिका प्रशिक्षण में प्रवेश पाने के लिए वीतराग-विज्ञान पाठमाला भाग-1,2,3 की प्रवेश प्रतियोगिता लिखित परीक्षा दिनांक 21 मई को दोपहर 2.00 बजे से ली जावेगी, जिसमें प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। अत: प्रवेशार्थी उक्त पुस्तकों की पूरी तैयारी करके आएं। प्रवेशिका प्रशिक्षण में उन्हें ही प्रवेश दिया जायेगा, जो बालबोध प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। (2) सभी प्रशिक्षणार्थी एवं शिविरार्थी अपना पासपोर्ट साइज फोटो एवं परिचय-पत्र साथ में अवश्य लायें।

निवेदक

सुशीलकुमार गोदिका	डॉ. हुकमचंद भारिल्ल	राजकुमार परिहार	सुनील जैन 'सरल'	दीपक जैन ब्या	सोमिल शास्त्री-सौरभ वत्सल
अध्यक्ष	महामंत्री	अध्यक्ष	महामंत्री	अध्यक्ष	सचिव
एवं समस्त ट्रस्टीगण पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर		एवं समस्त ट्रस्टी श्री नेमिनाथ दि.जैन नया मन्दिर ट्रस्ट, खनियांधाना		एवं समस्त पदाधिकारी अ.भा.जैन युवा फैडरेशन, खनियांधाना	

वीतराग-विज्ञान ही तीन लोक में सार।
वीतराग-विज्ञान का घर-घर होय प्रसार ।।